909

A

ANNUAL EVALUATION - 2022-23

Third Language

HINDI

STD. IX

Time : 90 minutes

Score : 40

निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> एक दिन वह नौजवान पक्षी ज़मीन पर चलती हुई एक बैल गाड़ी को देख लेता है। उसमें बड़े-बड़े बोरे भरे हुए हैं। गाड़ीवाला चिल्ला-चिल्लाकर कहता है, "दो दीमकें लो, एक पंख दो।"

1. नौजवान पक्षी को किनका शौक था? 1

(क) फलों का (ख) दानों का (ग) दीमकों का (घ) सब्जियों का

2. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें। 1

यह पक्षी उड़ता है।	यह पक्षी उड़ता था।
यह गाड़ी चलती है।	यह गाड़ी ....।

3. कोष्ठक के शब्दों से पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(चलती हुई, नौजवान)



सूचना : 'मेरी ममतामई माँ' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> जब मैं खाना खा चुका तो मेरे बड़े भाई ने मुझे एकांत में बुलाकर डाँटा, "कलाम, जानते हो क्या हुआ? तुम रोटी खाते जा रहे थे और माँ तुम्हें रोटी देती जा रही थीं। उन्होंने अपने हिस्से की भी सारी रोटियाँ तुम्हें दे दीं। अभी घर की परिस्थिति ठीक नहीं है। एक जिम्मेदार बेटा बनो और अपनी माँ को भूखों मत मारो।"

4. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) वह+ने = उन्होंने (ख) ये+ने = उन्होंने

(ख) वे+ने = उन्होंने (ख) यह+ने = उन्होंने

5. 'एक जिम्मेदार बेटा बनो और अपनी माँ को भूखों मत मारो।' बड़े भाई ने कलाम से ऐसा क्यों कहा? 2

6. भाई की बातें सुनकर कलाम को सिहरन की अनुभूति हुई। उसने अपने विचार डायरी में लिखे। कलाम की **डायरी** कल्पना करके लिखें। 4

अथवा

बड़े भाई ने कलाम को एकांत में बुलाकर डाँटा। कलाम ने इस घटना के बारे में बताते हुए मित्र को पत्र लिखा। कलाम का **पत्र** कल्पना करके लिखें।

सूचना : 'नंगे पैर' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 7 और 8 के उत्तर लिखें।

> हमेशा आने वाला मोची जब घर आया, तब बेबी ने उसे पास बुलाया और पाँच रुपया उसके हाथ में देकर धीमी आवाज़ में कहा, 'मुझे इसके जूते बना दो।" हरीबा ने सिर हिलाकर कहा, "बना दूँगा, बहिन! नाप ले लूँ?" वह बोली, "अरे मेरे पैर का नहीं।" "फिर किसके लिए?" हरीबा ने पूछा।

7. '**धीमी आवाज़**' में विशेषण शब्द कौन-सा है? 1

8. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

सूचना : 'दीप जलाओ' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।

> इस जीवन में रह न जाए मल,
> द्वेष, दंभ, अन्याय, घृणा, छल
> चरण चरण चल गृह कर उज्ज्वल
> गृह गृह की लक्ष्मी मुसकाओ

9. जीवन में इनमें किसको छोड़ना है? 1

(क) न्याय को (ख) द्वेष को (ग) प्यार को (घ) मित्रता को

10. यह आशयवाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें। 2

हमें कदम कदम पर गृह को प्रकाशमय एवं ऐश्वर्यपूर्ण बनाना है।

सूचना : 'संसार पुस्तक है' शीर्षक पत्र का यह अंश पढ़ें और 11 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> यह तो तुम जानती हो कि यह धरती लाखों-करोड़ों वर्ष पुरानी है, और बहुत दिनों तक इसमें कोई आदमी न था। आदमियों के पहले सिर्फ़ जानवर थे, और जानवरों से पहले एक ऐसा समय था जब इस धरती पर कोई जानदार चीज़ न थी। आज जब यह दुनिया हर तरह के जानवरों और आदमियों से भरी हुई है, उस ज़माने का ख्याल करना भी मुश्किल है जब यहाँ कुछ न था।

11. 'संसार पुस्तक है' शीर्षक पत्र किसने लिखा? 1

(क) इंदिरा प्रियदर्शिनी ने (ख) प्रेमचंद ने

(ग) जवाहरलाल नेहरू ने (घ) महात्मा गाँधी ने

12. प्रस्तुत अंश के आधार पर **चार सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें। 4

(क) जानवरों से पहले धरती पर सिर्फ़ आदमी थे।

(ख) धरती लाखों-करोड़ों वर्ष पुरानी है।

(ग) आदमियों के पहले धरती पर सिर्फ़ जानवर थे।

(घ) आज यह धरती हर तरह के जानवरों और आदमियों से भरी हुई है।

(ङ) आज धरती पर कोई जानदार चीज़ नहीं है।

(च) लाखों-करोड़ों वर्ष पहले धरती बेहद गर्म थी।

13. जुलाई 28 विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस है। इस अवसर पर 'प्रकृति को बचाएँ, जीवन बचाएँ' का संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें। 4

सूचना : 'अकाल में सारस' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 14 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> वे देर तक करते रहे
> शहर की परिक्रमा
> देर तक छतों और बारजों पर
> उनके डैनों से झरती रही
> धान की सूखी
> पत्तियों की गंध

14. कवितांश में 'पंख' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है? 1

(क) शहर (ख) डैने (ग) छत (घ) धान

15. सारस पक्षी किसकी तलाश में आए थे? 1

16. धान की पत्तियों के सूखने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं? 2

17. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। 4

सूचना : 'मेरी ममतामई माँ' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 18 का उत्तर लिखें।

> उस दिन पहली बार मुझे सिहरन की अनुभूति हुई। मैं अपने आपको रोक नहीं सका। दौड़कर अपनी माँ के पास गया और भावावेश में उनसे लिपट गया।

18. इस प्रसंग पर बालक कलाम और माँ के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

अथवा

संस्मरण के आधार पर **सही मिलान** करें।

कलाम का परिवार	अद्‌वितीय गणित-शिक्षक थे।
श्री स्वामियार	संयुक्त परिवार था।
कलाम पढ़ाई और कमाई	धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी।
कलाम की माँ	एक साथ करता था।